गैर-कुदरती पाकिस्तानों की पड़ताल: 'कितने पाकिस्तान'–चेतना मौर्य 3309
माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय चिन्तन कौशल का अध्ययन करना–डॉ० अमी राठौड़; श्रीमती राखी जीनगर 3312

संगीत के प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका–डॉ० संगीता गोरंग 3317
आधुनिक भारत में ग्राम्य विकास–रघु यादव 3320
प्राचीन काल से ब्रिटिश शासन काल तक पंचायतीराज व्यवथा का स्वरुप–डॉ० उत्कर्ष उपाध्याय 3323
भारत में पंचायती राज-व्यवस्था का राजनीतिक आयाम: एक सामान्य अवलोकन–मदेश कुमार तिवारी 3326
समृद्धिकाल के रूप में स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत-साहित्य-रचनाधर्मिता का मूल्याङ्कन–डॉ० अनिल प्रताप गिरि 3330
महिला सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह–श्रीमती कविता; डॉ० प्रमिला श्रीवास्तव 3336
लोकनीति में सभारञ्जनशतक की ज्ञानमीमांसा–नीलम कुमारी; डॉ० योगिता मकवाना 3340
दौसा जिले के कृषि तंत्र पर उर्वरकों का प्रभाव: एक भौगोलिक अध्ययन–नवल किशोर साँवरिया; डॉ० राजेन्द्र प्रसाद 3344
मध्य हिमालय के भोटिया जनजाति समाज का ऐतिहासिक अध्ययन: खम्पा समाज के विशेष संदर्भ में–डॉ० शिवानी रावत; अजय सिंह खम्पा 3350
स्त्री चेतना के संदर्भ में साठोत्तरी महिला कथाकार–डॉ० रानी अग्रवाल; कंचन लता गंगवार 3354
जाखम नहर परियोजना से धरियावद तहसील में मीणा जनजातीय के सामाजिक-आर्थिक स्थिति में बदलाव (एक भौगोलिक अध्ययन) –डॉ० देवेन्दर कौर; विकास कुमार डूंगरवाल 3357
गोजरी लोकसंगीत का जम्मूकश्मीर पर: एक अध्ययन–अनीता शर्मा 3361
कालिदाससाहित्ये राष्ट्रियभावना–प्रो. प्रसूनदत्तसिंह: 3365
जैनदर्शन की तत्त्व चिन्तन परम्परा में अन्तर्निहित दु:ख-निवृत्ति तथा मोक्ष की अवधारणा–डॉ० वन्दना रूहेला; योगेन्द्र सिंह सैनी 3368
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में किसानो की भूमिका–डॉ० राकेश कुमार यादव 3371
माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि के संदर्भ में वी-चित्रण आधारित शिक्षण व्यूह रचना की प्रभावशीलता: एक प्रयोगात्मक अध्ययन–डॉ० सरोज बाला; सुशील कुमार 3374
रायपुर जिले के किन्नरों की आर्थिक स्थिति पर कोविड-19 का प्रभाव–डॉ० हंसा शुक्ला; डॉ० रवीश कुमार सोनी; ए० शषांक राव 3380
विश्वविद्यालयीन पुस्तकालयों में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की स्थिति और उसका प्रभाव–चन्द्रसेन जांगड़े; डी०वी० सिंह 3385
'नाला सोपारा' व 'यमदीप' में मानवीय मूल्य–सोनू बाला 3388
संयुक्त प्रांत में दलित आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्ता व उनके विचार–अरुणेश कुमार 3395
कानपुर महानगर में ठोस अपशिष्ट एवं मानव स्वास्थ्य–उमा प्रसाद; डॉ० साधना रानी 3391
संयुक्त प्रांत में दलित आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्ता व उनके विचार–अरुणेश कुमार 3395
गाँधीवाद बनाम समाजवाद - एक समीक्षा–ओमप्रकाश कुमार 3400
आर्थिक आरक्षण का संवैधानिक अध्ययन: संविधान के 'मूलभूत ढाँचे के सिद्धान्त' के संदर्भ में–डॉ० शिव शंकर सिंह; चन्द्र भूषण मिश्र 3403
श्री रामचरित मानस की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य की प्रासंगिकता–अग्निवेश पाण्डेय 3408
श्वेत बटन मशरूम उत्पादन तकनीक–डॉ० निलिमा दुबे 3411
चीन के विस्तारवादी कुत्सित षड्यंत्रों से व्युत्पन्न भारत की सुरक्षा चुनौतियां एवं रणनीतिक प्रतिकार–डॉ० आर० वी० सिंह बघेल 3414
महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा के कारण व निवारण–जितेन्द्र कुमार 3417
विज्ञान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा वैज्ञानिक प्रगति के मूल्य का स्वरुप–डॉ० आभा त्रिपाठी 3422
शिक्षा का अधिकार 2009 के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति का अध्ययन–ज्योतिबाला राय 3429
हिन्दी भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में सम्मिलित मानव-मूल्यों का विश्लेषणात्मक अध्ययन–राकेश कुमार राजभर; डॉ० सोमू सिंह 3437
वैदिक कृषि विषयक चिन्तन–डॉ० अरूणिमा 3437
गिरीडीह जिला में कृषि विकास के समस्याएं, सामाधान व संभावनाओं का अध्ययन–संजय कुमार सुमन; डॉ० लाल आर० के० नाथ शाहदेव 3441
पर्यावरण प्रदूषण–मोनिका 3446
गुरू घासीदास का सतनाम आन्दोलन और सामाजिक समानता–डॉ० हेमन्तपाल घृतलहरे 3449

गुरू घासीदास का सतनाम आन्दोलन और सामाजिक समानता

डॉ० हेमन्तपाल घृतलहरे

सहायक प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय महाविद्यालय सनावल, जिला-बलरामपुर (छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आने के पूर्व मध्यप्रदेश का हिस्सा था, पूर्व में महाराष्ट्र में शामिल था और आजादी के पूर्व मध्यभारत या मध्य प्रान्त (Central Provinces) के अंतर्गत आता था। इसे कोसल, दक्षिण कोसल आदि नामों से भी जाना जाता था। हालांकि इसके नामकरण के सम्बन्ध में मतभिन्नताएँ हैं पर इस क्षेत्र में 36 गढ़ों की उपस्थिति के कारण छत्तीसगढ़ नाम पड़ा यह तर्क सत्य के अधिक निकट माना गया है।(1) प्राचीन ग्रंथों के अनुसार इसे महाकांतर तथा दण्डकारण्य भी कहा गया है।(2) हालांकि तब छत्तीसगढ़ का भौगोलिक व राजनैतिक स्वरूप उस तरह से चिन्हित नहीं था जैसा आज है। छत्तीसगढ़ सघन वन क्षेत्र था जिसमें रतनपुर राज्य में 18 गढ़ तथा रायपुर राज्य में 18 गढ़ कुल 36 गढ़ प्रमुख गढ़ माने जाते हैं। कभी इसकी राजधानी सिरपुर भी रही ऐसी मान्यता है। इस क्षेत्र का नाम छत्तीसगढ़ के रूप में प्रचलन में कब आया? इसका जवाब देते हुए डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा एवं डॉ. अभिलाषा शर्मा ने माना है कि छत्तीसगढ़ नाम आधुनिक युग की देन है और अठारहवीं शताब्दी के मध्य तक इसका नाम छत्तीसगढ़ प्रचलित हो चुका था।(3)

यह अठारहवीं शताब्दी का समय भारत ही नहीं अपितु समूचे विश्व के लिए अविस्मरणीय काल था। इस काल में काल की दशा और दिशा को बदल देने वाली हस्तियों ने जन्म लिया। तत्कालीन मध्य भारत में वर्तमान जिला-बलौदाबाजार के अन्तर्गत वन्यग्राम गिरौद में मंहगूदास और अमरौतिन के पुत्र के रूप में एक तेजस्वी बालक ने जन्म लिया जिसे पूरा विश्व आज संत गुरू घासीदास के नाम से जानता, मानता और पहचानता है। अधिकांश विद्वानों ने गुरू घासीदास का जन्म 18 दिसम्बर सन् 1756 ई. को स्वीकार किया है।(4) इसी दिन उनकी जयंती भी मनाई जाती है। गुरू घासीदास ने सतनाम का सन्देश दिया और प्रतीक के रूप में जैतखाम दिया है। इसी जैतखाम में उनके जयंती (18 दिसम्बर) के पर्व पर सादा झण्डा फहराया जाता है जिसे पालो चढ़ाना भी कहते हैं। गुरू घासीदास के जन्म काल (1756 ई.) के समय ही छत्तीसगढ़ में पुराने शासकों का अस्तित्व समाप्त हो रहा था और सन् 1758 ई. में भोंसला राजकुमार बिम्बाजी ने प्रथम मराठा शासक के रूप में (छत्तीसगढ़ में) प्रत्यक्ष शासन स्थापित किया।(5) रघुनाथ सिंह से विश्वासघात करने वाले मोहन सिंह (1746-1758) की मृत्यु के साथ कलचुरि वंश का अंत हो गया था इसे डॉ. हीरालाल शुक्ल के शब्दों में समझना उचित होगा - ''सूर्योदय के साथ अंध कार की मृत्यु स्वाभाविक है। घासीदास के जन्म के साथ एक विश्वासघाती की मृत्यु भविष्य का पूर्वाभास देती है।''(6) बिम्बाजी भोंसला के बाद छत्तीसगढ़ के प्रशासन के लिए सूबेदारों की नियुक्ति नागपुर से होने लगी और छत्तीसगढ़ नागपुर का एक सूबा (1788-1818) बन गया।(7) ये मराठे बहुत निर्दयी थे और छत्तीसगढ़ अंचल में बहुत बदनाम थे इतना ही नहीं ये धन के इतने लालची थे कि जो कोई ज्यादा बोली लगाता उसे जमींदारी बेच देते थे।(8) मराठों का काल लूट-खसोट का काल था। मराठों के आतंक के बाद 1806 ई. में छत्तीसगढ़ में पिण्डारियों की लूट-खसोट प्रारंभ हुई। छ.ग. में मराठा सूबेदारों का प्रशासन 1787 से 1818 तक 31 वर्षो तक था। मराठा सरकार में ईमानदारी, एकता, वफादारी का अभाव था साथ ही ये एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए ब्रिटिश अधिकारियों से साँठगाँठ भी कर लेते थे। पूरा देश संदेह और अनिश्चय से भर गया था। इसी समय गोंड़ जमीदारियों से मराठों को चुनौतियाँ मिल रही थी, शायद इसीलिए सोनाखान के बिंझवारों का आतंक पूरे छत्तीसगढ़ में बहुत अधिक बढ़ गया था।(9) ऐसे अस्थिरता के युग में गुरू घासीदास हमारे बीच आये। मुगल, मराठा फिर पेशवाओं का शासन आया, ब्रिटिश हुकूमत भी इस क्षेत्र में रही पर किसी ने भी शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर ध्यान नहीं दिया। समाज के बीच जाति धर्म की गहरी खाई चौड़ी होती चली गई थी। वर्ण व्यवस्था का घृणित रूप सामने आ चुका था।

वैदिक युग से लेकर आज तक शासक चाहे जो भी रहे हों, पर हिन्दू समाज की व्यवस्था मनुस्मृति के अनुसार ही रही। हिन्दू समाज के लिए मनुस्मृति ही संविधान स्वरूप था। स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण के पूर्व तक हिन्दू जाति व्यवस्था का रूप अत्यंत निंदित व घृणित रहा है। आदिवासियों को वानर, भालू, मृग, गिद्ध आदि पशुओं की उपहास जनक संज्ञा दी जाती रही और दलित जातियाँ अपवित्रता कारक मानी जाती रही।(10) तत्कालीन भारत में हिन्दू के अलावा जैन, बौद्ध, सिक्ख, इस्लाम एवं ईसाई धर्म के अनुयायी भी थे। धमन्तिरण भी एक बड़ा मुद्दा था। हिन्दू-मुसलमान व ईसाई के बीच वैमनस्य का एक बड़ा कारण धार्मिक कट्टरता व धर्मान्तरण ही था। दूसरी ओर हिन्दू समाज में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूर्द्र चार वर्णो का विभाजन जन्म आधारित हो चुका था जिसमें पैतृक व्यवसाय की बाध्यता थी और यही आजीविका, पहचान व सम्मान का आधार था। वर्ण व्यवस्था में शूद्र निम्नतम स्तर के थे और इनका कार्य अपने से ऊपर के तीन वर्ण के लोगों की सेवा करना था। शूद्र वर्ण में भी दो वर्ग थे अछूत और सछूत। भारत की विशाल जनसंख्या इस शूद्रत्व की शिकार थी।

शूद्र के संबंध में डॉ. सुशीला टाकभौरे लिखती है कि वे (शूद्र) छिन्न-भिन्न हुए, भागे हुए लोग थे, वे पराजित थे, वे शारीरिक श्रम करते थे, दीन-हीन अवस्था में रहते थे। शूद्र शब्द की उत्पत्ति अनुमानतः क्षुद्र से मानी गई है जिसका अर्थ छोटा या हीन होता है।(11)

शूद्र जाति की उत्पत्ति के सम्बन्ध में बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर ने अंग्रेजी में "Who were the shudras" एवं हिन्दी में 'शूद्रों की खोज' शीर्षक से पुस्तकें लिखीं। इस पुस्तक में उन्होंने दो प्रश्न उठाये- (1) शूद्र कौन है? (2) आर्यो का चौथा वर्ण कैसे बना? और डॉ. अम्बेडकर ने अपने प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार दिए हैं -[12]

(1) शूद्र आर्यो की जाति में सूर्यवंशी है

(2) किसी समय आर्य जाति में केवल तीन ही वर्ण थे अर्थात ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य

(3) शूद्रों का चौथा वर्ण नहीं था। वे भारतीय राजाओं के क्षत्रिय वर्ण के वंशज थे।

(4) शूद्रों और ब्राह्मणों में बराबर लड़ाई रही और ब्राह्मणों पर शूद्रों ने बहुत अत्याचार किये।

(5) ब्राह्मणों ने शूद्रों के अत्याचार से तंग आकर द्वेष भाव के कारण शूद्रों का उपनयन करना बंद कर दिया

(6) उपनयन न होने से शूद्र क्षत्रियत्व से गिरकर वैश्य वर्ण के नीचे एक चौथा वर्ण बन गये।

चाहे शूद्रों की उत्पत्ति किसी भी तरह से हुई हो, परन्तु यह सत्य है कि सामाजिक रूप से वे सदियो से भेदभाव के शिकार रहे हैं और उनकी सामाजिक व आर्थिक प्रस्थिति दयनीय है।

शूद्रों का पतन कैसे हुआ इसकी पड़ताल करते हुए डॉ. भीमराव अम्बेडकर इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि जब सबको उपनयन का अधिकार प्राप्त था, तब उसका महत्व सामाजिक नहीं था लेकिन जब शूद्रों से यह अधिकार छिन गया तब उपनयन श्रेष्ठता की निशानी समझा जाने लगा और शूद्र व अन्य तीन वर्णो के बीच श्रेष्ठ व नीच की मान्यता विकसित हुई। डॉ. अम्बेडकर आगे निष्कर्ष देते हैं कि उपनयन केवल ब्राह्मण करा सकता है, ब्राह्मण समाज की आज्ञा के बिना उपनयन करावे तो दण्ड का भागी होगा, सम्पत्ति रखने का अधिकार उसी को है जिसे यज्ञ करने का अधिकार है और यज्ञ वही कर सकता है जिसका उपनयन हुआ हो, इसी तरह वेद-पाठ अर्थात ज्ञान का अधिकारी वही है जिसका उपनयन हुआ हो। चूँकि शूद्र का उपनयन नहीं हो सकता अत: वह विद्या और धन दोनों प्राप्त नहीं कर सके।[13] यह निष्कर्ष इस बात को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आखिर समाज में ऊँच-नीच व भेदभाव क्यों और कैसे जन्म लेता है? एक उपनयन का अनधिकार कितना बड़ा घातक हथियार बन गया। कालान्तर में शूद्रों की हजारों जातियाँ और उपजातियाँ बना दी गई। वास्तव में समस्या इसी जातिवाद की है। यह सारी सामाजिक भेदभाव व असमानता की जड़ है।

जाति की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भी कुछ विद्वानों का मत है कि जाति शब्द भी वह नहीं है जिस रूप में आज प्रयुक्त होता है। जाति मूलत: समूह से अभिप्रेरित है। प्रत्येक समूह की उत्पत्ति, रीति-रिवाज और कुल-देवता पृथक-पृथक थे। जाति पारिवारिक व्यवसाय से सम्बद्ध हो सकती है किन्तु इसमें ऊँच-नीच की घृणा न थी।[14] ऊँच-नीच की घृणा हिन्दू सामाजिक व्यवस्था की देन है जो बहुत बाद में आरोपित की गई और वह भी ऊँच-नीच के क्रमोत्तर रूप में ताकि शासित जातियाँ आपस में ही एक-दूसरे से घृणा करती रहें।[15] जबकि उच्च वर्ण में निम्न वर्ण जैसी कोई जातियाँ अस्तित्व में नहीं हैं। यह जाति विभाजन शूद्रों को आपस में लड़ाये रखने और फूट डालकर राज करते रहने की रणनीति थी जो बेहद सफल हुई। इस व्यवस्था को लागू करवाने में मनुस्मृति एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही। मनुस्मृति के कुछ उदाहरण[16] द्रस्टव्य हैं - शूद्रों के हाथ का अन्न-पानी ग्रहण करना ध र्म के विपरीत है। ब्राह्मण को कठोर वचन कहने पर शूद्र को प्राण दण्ड दिया जाये।

यदि शूद्र अभिमान से द्विजातियों को धर्म का उपदेश करे तो राजा उसके मुख और कानों में तपाया हुआ (गर्म) तेल डाले (मनुस्मृति- 8/270-272)। शूद्र जिस अंग से द्विजाति को मारे, राजा उसका वही अंग कटवा दे (मनुस्मृति- 8/278-280)। यदि शूद्र ब्राह्मण के साथ एक आसन पर बैठना चाहे तो राजा उसकी कमर पर दगवा कर उसके देश से निकलवा दे या उसके चूतड कटवा दे (मनुस्मृति-8/281)। ब्राह्मण शूद्र की सम्पत्ति को बिना संकोच ले सकता है, क्योंकि वह किसी सम्पत्ति का मालिक नहीं होता। जो कुछ उसके पास है, वह उसके स्वामी का है (मनुस्मृति-8/417)।

क्षत्रिय ब्राह्मण को गाली दे तो 100 पण दण्ड दे, वैश्य ब्राह्मण को गाली दे तो 150 या 200 पण दण्ड दे, परन्तु शूद्र को प्राणदण्ड होना चाहिए (मनुस्मृति-8/267-268)। मनुस्मृति में ऐसे हजारों उदारहण हैं। जहाँ भेदभावपूर्ण न्याय का विधान रचा गया है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कथक संहिता, शतपथ ब्राह्मण, मैत्रयानी संहिता, पंचविश ब्राह्मण, ऐतरेय ब्राह्मण, आपस्तम्ब धर्मसूत्र, वशिष्ठ धर्मसूत्र, विष्णु स्मृति, गौतम धर्मसूत्र, बृहस्पति धर्मसत्र, नारद स्मृति आदि में उल्लेखित भेदभावपूर्ण नियमों को भी अपनी पुस्तक शूद्रों को खोज[17] में सप्रमाण उद्धृत किया है। यहाँ सबका उदाहरण दिया जाना न तो संभव है, न ही आवश्यक। उपरोक्त उदाहरण संकेतमात्र हैं कि भेदभावपूर्ण अमानवीय व्यवहार था और सामाजिक असमानता थी यह समझ में आ सके।

इस सामाजिक असमानता और अमानवीय व्यवस्था (जातिवाद) के विरोध में जैनधर्म, बौद्ध धर्म, सिक्ख धर्म खड़े हुए। गौतम बुद्ध की शिक्षाएँ, सिद्ध, नाथ एवं संत साहित्य की विचारधारा इसके विरोध में रही और समतामूलक समाज की इन्होंने कल्पना की। हालाँकि सत्तावर्ग जातिवादी और प्रजा शोषित (शिकार) बना रहा और परिवर्तन की कोशिशें पत्थरों से सिर टकराने जैसी रहीं। फिर भी प्रयास निरंतर होते रहे।

यहाँ दुष्यन्त कुमार की एक गजल [18] याद आती है-

पक गई है आदतें, बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो, ऐसे गुजर होगी नहीं।
इन ठिठुरती उँगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
बूँद टपकी थी मगर वो बूँदो-बारिश और है,
ऐसी बारिश की कभी उनको खबर होगी नहीं।

आज मेरा साथ दो, वैसे मुझे मालूम है,

पत्थरों में चीख हरगिज कारगर होगी नहीं।

फिर भी पत्थरों (अमानवीय व्यवस्था) के बीच चीख (मानवतावादी स्वर) निरन्तर सुनाई देते रहे। शूद्रों की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिति अच्छी नहीं थी, उनके लिये न्याय और सम्मान का कोई विधान प्रावधान दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ता। ऐसी परिस्थितियों के बीच मानवतावादी संत महापुरूषों की विचारधारा समाज में एक नई चेतना का संचार करती दिखाई पड़ती है। यह दलित शोषित, वंचित, पीड़ित वर्ग की पीडाको अभिव्यक्त करती हुई जब उसकी अस्मिता को तलाश करने लगी तब साहित्य में यह धारा दलित साहित्य के रूप में सामने आयी। दलित साहित्य यानी वंचित वर्ग का अथवा दलित चेतना और दलित सरोकारों का साहित्य।

ओमप्रकाश वाल्मीकि दलित चेतना का सम्बन्ध दृष्टि से जोड़ते हैं। उनका कहना है दलित यानी हजारों साल से शोषित, प्रताड़ित, सामाजिक और धार्मिक विद्वेष से नारकीय जीवन जीने के लिए बाध्य किया गया, मानवीय अधिकारों से वंचित, वर्ण-व्यवस्था में सबसे नीची पायदान पर खडा, अस्पृश्य, अन्त्यज, पंचम कहे जाने वाले व्यक्ति को चेतना यानी दलित चेतना।[19] और इस दलित चेतना का उद्भव डॉ. अम्बेडकर के मुक्ति-संघर्ष से विकसित हुआ माना जाता है।[20] यह सच भी है कि डॉ. अम्बेडकर और ज्योतिबा फूले के विचारों से दलित चिंतन को एक निश्चित धरातलीय आकार प्राप्त होता है, परन्तु इसकी शुरूआत सुदूर अतीत में ही हो चुकी थी।

सुशीला टाकभौरे मानती है कि उत्तर वैदिक काल के कर्मकाण्ड व धार्मिक आडम्बर के साथ सामाजिक भेदभाव वैदिक धर्म की सबसे बड़ी बुराई बन गये थे जिसके विरोध व विकल्प के रूप में ईसा पूर्व छठवीं शताब्दी में बौद्ध और जैन धर्म का उदय हुआ। इन धर्मों में जातिवाद व असमानता को स्थान नहीं था।[21] शायद यही कारण था कि बौद्ध धर्म काफी लोकप्रिय हुआ और आगे चलकर समूचे एशिया में फैल गया। बुद्ध ने जातिवाद की जड़ों को हिलाकर रख दिया। बौद्ध धर्म जब आगे चलकर कई रूपों व शाखाओं में बढ़ा वहाँपर भी सिद्ध एवं नाथ साहित्य में क्रमश: यह विचार धारा प्रसारित होती दीख पड़ती है जो संत साहित्य का आधार बनी। हिन्दू धर्म के जातिवाद, छुआछूत, भाग्य और भगवान, अवतारवाद, स्वर्ग-नर्क, वेदशास्त्र, कर्मकाण्ड एवं मान्यताओं को ये चुनौती पर चुनौती दे रहे थे। बुद्ध ने अपने मार्ग सबके लिए समान रूप से खोल दिए जो कि वर्ण व्यवस्था के सर्वथा विपरीत कार्य था। सिद्ध साहित्य बतलाता है कि उन्होंने बाह्य आडम्बरों का खंडन किया है- जहणग्गाविअ होई मुत्ति, ता सुणह सियालह[22] (अर्थात नग्न रहने से मुक्ति मिल जाती तो कुत्ते और सियार भी मोक्ष के अधिकारी बन गए होते) यही संदेश कबीर की वाणियों में इस तरह से आया-

मूंड़ मुड़ाए हरि मिले, तो सब कोई लेत मुड़ाय।

बार-बार के मूंड़ते, भेंड़ न बैकुंठ जाय।।

इसी तरह सिद्ध सरहपा ने शास्त्रार्थ (कोरा शास्त्रज्ञान) को मरूस्थल माना है-

बहुसात्थात्थ मरूत्थालिहिं, तिसिअ मरिब्बो तेहिं [23]

कबीर तक आकर इसका स्वरूप निम्न रूप में प्रकट हुआ है-

पोथी पढिघ्-पढिघ् जग मुआ, पंडित भया न कोय

ढाई आखर प्रेम का, पढे सो पंडित होय

नाथ संप्रदाय के प्रमुख गोरखनाथ बाह्य आडम्बरों का विरोध करते हुए कहते हैं-

दूधाधारी पर धरि चित्त, नागा लकड़ी चाहे नित्त।

मौनी कसै मयंत्र की आस, बिनु गुर गुदड़ी नहीं बेसास। [24]

इसी तरह नाथों ने वेदशास्त्र के अध्ययन को ही व्यर्थ करार दिया है-

योगशास्त्र पढेन्नित्यं किमन्यै: शास्त्रं विस्तरै:[25]

इसके अलावा इन संप्रदायों में जातिवाद एवं छुआछूत का विरोध भी देखने को मिलता है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते है तो पाते हैं कि आगे के संतो कवियों ने न केवल जातिवादी व्यवस्था का विरोध किया है बल्कि आदर्श राज्य (समतामूलक समाज) की संकल्पना भी उन्होंने विकसित की है। संत रैदास कहते हैं-

ऐसा चाहूँ राज मैं जहाँ मिले सबन को अन्न

छोट-बड़ो सब सम बसै तब रैदास प्रसन्न

(अर्थात जहाँ सबके मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो तथा छोटे-बड़े सभी समानता का व्यवहार करते हों, ऐसे समतामूलक समाज के निर्माण से प्रसन्नता आएगी) संत रैदास महान क्रांतिकारी संत हैं। उनके समय में सामन्ती व्यवस्था, धार्मिक कट्टरता, वर्ण व्यवस्था, जातिवार, छुआछूत, स्त्रीशोषण आदि चरम पर थे। बावजूद इसके उन विपरीत और विषम परिस्थितियों में भी उनकी आँखों में आदर्श सामाजिक व्यवस्था वाले आदर्श राज्य की संकल्पना थी। उन्होंने 'बेगमपुरा' की यूटोपिया दी-

''अब हम खूब वतन घर पाया, ऊँचा खेर सदा मन भाया

बेगमपुरा सहर का नाऊँ, दु:ख अंदेस नहीं तिहिं ठाऊँ

कह रैदास खलास चमारा, जो उस सहर सों मीत हमारा।''[26]

इस यूटोपिया को कबीर ने भी स्वीकार किया-

अवधू बेगम देस हमारा

राजा रंक फकीर बादसा सबसे कहौ पुकारा

(जहाँ राजा-रंक, फकीर-बादशाह सभी बराबर हैं)

क्बीर की संकल्पना का समाज वर्ण विहीन, वर्ग विहीन, समतावादी समाज है-

''हम वासी उस देश के जहाँ बारह मास विलास।

प्रेम झरे विकसे कंवल, तेज पुंज परकास।।

हम वासी उस देश के जहाँ जाति बरन कुल नाहिं।

सबद मिलावा होय रहा, देह मिलावा नाहिं।। (27)

रहीम (कवि) ने जातिवाद का खण्डन तो नहीं किया लेकिन ऐसी राजसत्ता (व्यवस्था) की कल्पना की है जो जनता को दु:ख देने वाली न होकर संरक्षण व सहयोग देने वाली हो-

''रहिमन राज सराहिए, ससि सम सुखद जु होई।

क्हा बापुरो भानु है तप्यौ तरैयनि खोई।।'' (28)

इसी क्रम में जाति और जातिवादी व्यवस्था पर इन संतो की वाणी हथौड़े से भी ज्यादा चोट करती है। मूर्तिपूजा का विरोध करते हुए कबीर कहते हैं-''पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार'' वहीं जन्मना श्रेष्ठता पर सवाल उठाते हुए कहते हैं कि हमरे कैसे लोहू तुम्हरे कैसे दूध, तुम कैसे बांभन पांडे हम कैसे सूद और ''जो तू बांभन बम्हनी जाया, आन राह काहे नहीं आया'' की ललकार क्या जाति की श्रेष्ठता की नींव नहीं हिला देती? मध्यकाल के संत पलटू की पंक्तियाँ भी द्रष्टव्य है-

''पाप कै मोटरी बाम्हन भाई

इन सबही जग को बगदाई'' (29)

ब्राह्मणवाद पर पलटू का तीखास्वर बिल्कुल धारदार है-

''भलि मति हरल तुम्हार पांडे बम्हना

सब जातिन में उत्तम तुमही, करतब करौ कसाई

जीव मारि कै काया पोखौ, तनिकौ दरद न आई

बकरी भेड़ा महवरी खायौ काहे गाया बराई

रूधिर मांस सब एकै पांडे, थू तेरी बम्हनाई'' (30)

वर्ण,जाति के शिखर पर बैठे ब्राह्मणों को चुनौती देती धिक्कार भरी भाषा का साहस और चमत्कार सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन के लिए ही तो है।

यह मानवतावादी स्वर अठारहवीं शताब्दी में गुरू घासीदास तक आते-आते एक पूर्ण क्रांतिकारी नारे - ''मानव मानव एक समान के रूप में प्रकट हुआ है। वे कहते हैं- ''मनखे चाहे करिया हो, के गोरिया हो, ए पार के हो, के ओ पार के हो, मनखे-मनखे आय'' (अर्थात मनुष्य चाहे काला हो या गोरा हो, इस देश का हो या उस देश का हो, मनुष्य केवल मनुष्य है) उसमें तात्विक रूप से कोई भेद नहीं है।(31) इसी से उन्होंने मनखे-मनखे एक बरोबर का उद्घोष भी किया है। वे जानते थे कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध, जैन, सिक्ख, ईसाई सब मानव निर्मित व्यवस्था है और इससे मानव के प्राकृतिक (वास्तविक) स्वरूप में कोई अन्तर नहीं होता। सामाजिक पतन का मुख्य कारण यह मानव-मानव के बीच का भेदभाव ही था। गुरू घासीदास ने इसे गहराई से महसूस किया था अत: वे मानव को सारे भेद एवं बंधनों से मुक्त करना चाहते थे।(32) उन्होंने वर्णविहीन एवं वर्गविहीन जिस समतामूलक समाज की संकल्पना की उसे सतलोक व अमरलोक कहकर पुकारा है।

गुरू घासीदास चेतना की परम ऊँचाई पर स्थित एक सम्बुद्ध व्यक्ति थे, समर्थ गुरू थे। वे सतनाम के संदेश से मध्य भारत को जगाते रहे। अपने शोध प्रबंध में डॉ. घृतलहरे(33) इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि गुरू घासीदास का जन्म 18 दिसम्बर 1756 ई. को हुआ लगभग 36 वर्ष की आयु में 1792 ई. में उन्हें तपोभूमि (औंरा-धौंरा वृक्ष के नीचे) में आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई, पुनश्च वे 6 माह तक छाता पहाड़ की तलहटी में आत्मचिंतन व गहन साधना में लीन रहे। तत्पश्चात जब वे समाज के बीच लौटे तब से उनके अंतर्ध्यान होने (1850ई.) तक लगभग 58 वर्षों तक उन्होंने जनता के बीच जा-जाकर (सत्संग, प्रवचन, दीक्षा, पंथी भजन, यात्रा एवं रावटी आदि के माध्यम से) जनचेतना जाग्रत करने का काम किया। वे एक विराट नेतृत्व थे। उनका नेतृत्व बहुआयामी है। डॉ. हीरालाल शुक्ल गुरू घासीदास को सबसे ताकतवर आध्यात्मिक नेता मानते हुए लिखते हैं-'Guru Ghasidas was one of the Most powerful leaders of spiritual life in the modern times.'(34)

गुरू घासीदास का युग अंधकार का युग था, जहाँ सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक व सभी क्षेत्रों में बिखराब, अलगाव, दिशाहीनता, मूल्यहीनता, चारित्रिक पतन, भेदभाव, शोषण, अन्याय व अत्याचार के अंधेरे में मानवता दम तोड़ रही थी। ऐसे समय में वे एक क्रांति सूर्य बनकर आये और मानवता का प्रकाश बगराये। वे केवल उपदेष्टा नहीं थे बल्कि जीवन.संघर्ष.भूमि के सच्चे योद्धा थे। उनका समाज पर गहरा प्रभाव हुआ। 7 सिद्धांत, 42 वाणी तो संकेत मात्र है, उनके पास तो ज्ञान अमृत का अजस्र स्रोत था। वे आदर्श चरित्र, प्रेरक, मार्गदर्शक थे। डॉ. हीरालाल शुक्ल ने उन्हें मसीहा कहा है। वे लिखते

हैं कि गुरू घासीदास एक प्राफेट (मसीहा) के रूप में अवतरित हुए थे। मसीहा उच्च स्तर की विश्वसनीयता, आधिकारिता तथा प्रामाणिकता से जुडे हुए होते हैं। वे अपने दीर्घ और गहन अनुभव से जो कुछ कहते हैं, वह लोगों के दिलों की गहराइयों तक उतरता जाता है।[35] गुरू घासीदास की वाणियों का लोकमानस पर इतना गहरा प्रभाव था तभी मध्यभारत में समतामूलक समाज की स्थापना हेतु 'सतनाम आंदोलन' घटित हो सका। अनेक विद्वान एवं अंग्रेज अधिकारियों ने इसे 1820-30 ई. की घटना माना है। परन्तु मेरी दृष्टि से सतनाम आन्दोलन का उद्‌भव वैचारिक रूप में गुरू घासीदास की सम्बोधि के बाद (1793 ई. के आसपास) से ही चिंतन के रूप में माना जाता चाहिए जो सामाजिक धरातल पर संगठित रूप से लगभग 1800 ई. के आसपास दिखने लगा और 1850 ई. तक गुरू घासीदास के नेतृत्व में चला तथा आगे उनके द्वितीय पुत्र राजागुरू बालकदास के नेतृत्व में 1860 ई. (उनकी मृत्यु) तक गतिमान होता दिखाई पड़ता है।

गुरू घासीदास अपने युग की सामाजिक विषमता से अत्यंत क्षुब्ध थे और सारा षडयंत्र समझ रहे थे। आखिरकार उन्होंने 1820 ई.में पूर्ण 'सामाजिक समानता' का नारा दिया तथा अन्याय और अत्याचार से निपटने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हो गए। भारतीय इतिहास में यह एक सबसे बड़ी उलट-पुलट थी जिससे जाति व्यवस्था का पारम्परिक ढाँचा ही लड़खड़ाने लगा।[36] उन्होंने पुरानी भेदभाव मूलक परंपराओं को तोड़कर नवीन स्वस्थ परंपराओं की नीव डाली जिसमें विषम सामाजिक व्यवस्था पलटकर समानता के धरातल पर खड़ी होने लगी। शायद इसीलिए उन्हें क्रांतिकारी संत कहा जाता है और इस आन्दोलन को सतनाम आन्दोलन की संज्ञा दी जाती है। क्रांति और आन्दोलन शब्द प्रायः विध्वंसात्मक अर्थ में लिए जाते हैं इसलिए कुछ लोग गुरू घासीदास एवं सतनाम के साथ क्रांति या आंदोलन शब्द को स्वीकारने से हिचकिचाते हैं। जबकि क्रांति या आंदोलन शब्द सृजनात्मक ढंग से भी व्यापक अर्थ देते हैं।

विकिपीडिया के अनुसार-आन्दोलन संगठित सत्ता तंत्र या व्यवस्था द्वारा शोषण और अन्याय किए जाने के बोध से उसके खिलाफ पैदा हुआ संगठित और सुनियोजित अथवा स्वतः स्फूर्त सामूहिक संघर्ष है। इसका उद्देश्य सता या व्यवस्था में सुधार या परिवर्तन होता है। यह राजनीतिक सुधारो या परिवर्तन की आकांक्षा के अलावा सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरणीय या सांस्कृतिक लक्ष्यों को प्राप्ति के लिए भी चलाया जाता है। उदाहरण स्वरूप चिपको आंदोलन पेड़ों की रक्षा के लिए चलाया गया आंदोलन है।[37] इसी प्रकार समाजशास्त्री यह मानते हैं कि क्रांति का तात्पर्य परिवर्तन के चरम स्वरूप से है जिससे समाज और सामाजिक व्यवस्था में पूर्णतः बदलाव हो जाता है। वे कहते हैं कि जब हम सामाजिक क्रांति की बात करते हैं तो इसका तात्पर्य विद्रोह, बगावत, बलवा, तोड़-फोड़ या सैनिक बगावत, राजनीतिक विद्रोह और गदर आदि नहीं होता बल्कि सामाजिक क्रांति का अर्थ होता है परम्परागत सामाजिक व्यवस्था में होने वाले मूलभूत परिवर्तन से, जिसमें सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था का स्वरूप परिवर्तन होकर नवीन रूप धारण कर लेता है।[38] इस अर्थ में गुरू घासीदास महान क्रांतिकारी या आंदोलनकारी संत हैं। वे उपदेश भी देते हैं और उन उपदेशों को समाज में अनुपालन भी करवा लेते हैं।

गुरू घासीदास के 7 सिद्धांत कहे जाते हैं, डॉ. घृतलहरे[39] ने वे सात सिद्धांत इस प्रकार बतलाये हैं-

(1) एक मात्र सतनाम को मानो।
(2) मूर्ति पूजा मत करो। मूर्ति पूजा ढोंग है।
(3) जाति भेद को मत मानो। मानव-मानव एक समान हैं।
(4) मांसाहार मत करो। जीव हत्या पाप है।
(5) पराई स्त्री को माता जानो।
(6) शराब एवं मादक पदार्थों का सेवन मत करो।
(7) उपरान्ह में खेतों में हलमत चलाओ।

साथ ही उनके 42 अमृतवाणियों, 27 मुक्ता एवं 18 सूक्ता का उल्लेख भी उन्होंने किया है। गुरू घासीदास की वाणियाँ जनभाषा छत्तीसगढ़ी में हैं। उनकी वाणियों में वर्ण व्यवस्था (जातिवाद) की अस्वीकार्यता, वेद शास्त्रों की अस्वीकार्यता, स्त्री का सम्मान, विधवा पुनर्विवाह, सती प्रथा का विरोध, सामंती व्यवस्था एवं बेगारी प्रथा का विरोध, जीव हिंसा का विरोध, बलि प्रथा की रोक, पर्यावरण की सुरक्षा, मानव-मानव के बीच समता, सम्मान, न्याय और प्रेम की भावना, शिक्षा (ज्ञान) का प्रचार-प्रसार, जागरूकता, जरूरतमंद लोगों की सेवा (सहायता), संगठित रहने तथा हक अधिकार के लिये संघर्ष करने की प्रेरणा है आचरण की शुद्धता और सतनाम सुमिरन पर जोर है, कर्मकाण्ड, पाखण्ड, स्वर्ग-नर्क के ढकोसलों के प्रति नकार है और समतामूलक समाज की स्थापना का उद्देश्य है। वे पुरानी सड़ी-गली मनुवादी व्यवस्था के भवसागर से 'हंसा' की मुक्ति चाहते थे। उनका व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि विभिन्न जाति-धर्म के अनुयायियों ने 'सतनाम' की दीक्षा लेकर धर्मान्तरण अथवा मतान्तरण किया जिसमें एक जातिविहीन समूह- 'सतनामी' अस्तित्व में आया, हालांकि आज यह जातिसूचक शब्द के रूप में प्रचलित है। परन्तु इसमें अनेक जाति के लोग अपनी जाति त्यागकर समाहित हुए थे। पंथी गीत का उदाहरण देखिए-

बांभन, क्षत्रिय, बनिया शूद्र चारों बरन के लोग
तब बनिन सतनामी, टोरिन भेद-भाव के रोग ल
सफा मिटाइन ग
घासीदास गुरू बाबा पंथ ल चलाइन ग
गोंड़, कंवर, कोरी, पासी, चमरा, महरा, मोची
राउत अऊ रोहिदास, तेली, सतनाम ल सोचिन
खुलगे हृदय कपाट गा
-(मनोहर दास नृसिंह रचित)

इसी तरह से पंथी गीतों में छुआछूत का तीव्र विरोध है-

तूमन छुआछूत म जिनगी ल बिता डारा रे
पापी मूरख गँवार
जाति जानवर म जरूर
हाथी, घोड़ा अउ कुकूर
जाति रूख म जरूर
चंदन, साजा अउ बंबूर
जाति फर म जरूर
आमा अमली अउ खजूर
जाति पंछी म जरूर
सुआ, मैना अउ मंजूर
जाति होथे जी जरूर
एक नारी एक पुरूष
कइसे मनखे म जाति ल बना डारा रे
पापी मूरख गँवार

ये पंक्तियाँ मनुष्यों के बीच जाति.व्यवस्था को स्वीकार नहीं करती इसके अलावा मूर्ति पूजा, तीथयात्रा एवं मृत्यु उपरान्त पितृमोक्ष मनाने का भी निषेध किया गया है। पंथी गीतों की पंक्तियाँ जनमानस में प्रचलित हैं-

(1) मंदिरवा म का करे जइबो
अपन घट के ही देवा ल मनइबो
(2) गंगा जमुना के धारा बहे तोर काया
काहाँ तिरिथ नहाय जाबे ना
(3) जिंयत ददा ल तँय ददा नइ जाने
मरे म पिण्डा पराये
ददा कहिले रे, जींयत ले ददा कहिले

इन वाणियों को प्रभाव जनमानस पर पर्याप्त रूप से पड़ा। गुरू घासीदास ने मनुष्य के भीतर सदियों से निर्मित 'हीनग्रंथि' को पहचाना था। सदियों के संबोध न- 'तू नीच है,' 'तू हीन है,' 'तू शूद्र है,' 'तू सेवक है,' 'तू किसी सुख का अधिकारी नहीं है,' 'तेरी यह हीनता ईश्वर का तुझे दण्ड है' आदि सुनते-सुनते समाज का निम्न वर्ग हीनभावना से ग्रसित हो गया था। सामाजिक समानता के लिये इसे निकाल फेंकना पहली जरूरत थी। इसीलिए गुरू घासीदास ने कहा- 'अपने को हीन और कमजोर मत मानो'। उनकी इस वाणी से लोक में आत्मविश्वास, आत्मबल व आत्मसम्मान का संचार हुआ और पीडिघ्त समाज पूर्ण सामाजिक समानता के लिए संगठित होकर संघर्ष क्षेत्र में कूद पड़ा और इस सामाजिक क्रांति से उनके जीवन स्तर में अभूतपूर्व परिवर्तन आया।[40]

मनु से लेकर तुलसीदास तक और आगे भी राजसत्ता और धर्मसत्ता ने मिलकर जिस चक्रव्यह में स्त्री को फाँस लिया था और उसका शोषण किया जा रहा था वह निंदनीय तोथा ही अमानवीय भी था। सती प्रथा, बहुपत्नी प्रथा, रखैल, नगरवधू, देवदासी और अनेक अमानवीय प्रथाएँ थी जिसे गुरू घासीदास और उनके अनुयायियों ने तोड़ डाला। स्त्री यदि निम्न वर्ग की हो तब तो उसके सतीत्व की रक्षा हो पाना कल्पना मात्र थी। स्त्री की इस पीडा और दयनीय दशा को गुरू घासीदास ने महसूस किया और स्त्री मुक्ति का बीड़ा उठाया। इसी कारण डॉ. घृतलहरे ने स्त्री जाति का प्रथम उद्धारक गुरू घासीदास को माना है।[41] डॉ. शंकर लाल टोडर भी मानते हैं कि गुरू घासीदास ने दृढ़ संकल्प लेकर नारी उद्धार को एक महत्वपूर्ण उद्देश्य के रूप में अपने सतनाम आंदोलन में स्थान दिया।[42] गुरू घासीदास का यह आन्दोलन किसी जाति या वर्ग तक सीमित नहीं था बल्कि अनेक जातियाँ इससे जुड़ गई थी। वे एक सच्चे समाज सुधारक की तरह सामाजिक बुराइयों को दूर कर रहे थे। टोनही के नाम से महिलाओं की हत्या, पशुबलि, नरबलि, बहुविवाह, मांस भक्षण, मदिरापान, चरित्रहीनता, सतीप्रथा, वर्ण व्यवस्था के खिलाफ यह अभूतपूर्व शंखनाद था।

इस आन्दोलन को चीशोल्म ने 'सामाजिक क्रांति' कहा, ब्रिग्स ने 'आर्थिक संघर्ष' कहा, नेल्सन और चार्ल्स ग्राण्ट ने 'धार्मिक विद्रोह' कहा।[43] अर्थात इस आंदोलन का प्रभाव जीवन के सभी क्षेत्रों में पड़ा। डॉ. हीरालाल शुक्ल (गुरू घासीदास संघर्ष, समन्वय और सिद्धान्त) तथा डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे (गुरू घासीदास के उपदेशों का दार्शनिक अनुशीलन), इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि सतनाम आंदोलन एक अभूतपूर्व क्रांतिकारी घटना थी। इसने समाज में आमूलचूल परिवर्तन लाया। इस क्रांति के फलस्वरूप विभिन्न जातियों ने अपनी वर्ण व्यवस्था की जंजीरे तोड़कर सतनाम पंथ (जातिविहीन व्यवस्था) का आश्रय लिया, हीनभावना को छोड़ा। मराठों ने छत्तीसगढ़ में लोकमानस में 'राम-राम' कहकर अभिवादन करने की परंपरा डाली थी जिसे 'सतनाम' का अभिवादन देकर स्थानापन्न किया गया। मनु की व्यवस्था में शूद्र ब्राह्मण की बराबरी में नहीं बैठ सकते थे परंतु अब बैठने लगे, ऊँची जाति के लोग शूद्रों के साथ गाली-गलौच और असम्मान जनक बर्ताव करते थे जिसे शूद्रों ने सहना बंद कर दिया और 'जैसे को तैसा' व्यवहार करने लगे ऊँची जाति के लोग अक्सर निम्न जाति के

लोगों को पीटते थे लेकिन अब निम्न जाति के लोग पलटकर उन्हें पीटने लगे, क्षत्रिय जाति के लोग रौबदार मूँछें रख सकते थे परन्तु अब सतनाम की शरण में आये लोग भी ऐंठी हुई रौबदार मूँछें रखने लगे, शूद्रों को धन रखने का अधिकार न था और गुरू घासीदास ने 300 से अधिक लोगों को मालगुजार (गौटिया) बना दिया, पहले निम्न जाति के लोग कमर से ऊपर खुला रखते, जूते चप्पल भी नहीं पहन सकते थे, परंतु सतनाम आंदोलन के कारण वे कपड़ेए जूते.चप्पल आदि पहनकर ससम्मान निकलते थे, इतना ही नहीं उन्होंने अपनी बंधक जमीनें भी छुड़ा जी और सामंतों की बेगारी करना भी बंद कर दिया। सतनाम आंदोलन से विधवा पुनर्विवाह (चूड़ी पहनाने की प्रथा) प्रारंभ हुआ। पहले अछूतों के हाथ का छुआ भोजन.पानी सवर्ण ग्रहण नहीं करते थे, अब निम्न जाति के लोगों ने छुआछूत मानने वाले लोगों का छुआ लेने से इंकार कर दिया। पहले उपनयन कराने का अधिकार केवल ब्राह्मणों को था लेकिन अब सतनाम के अनुयायियों ने खुद उपनयन धारण कर लिया। पहले हिन्दू समाज के सारे संस्कार ब्राह्मण करवाते थे, परन्तु अब सतनाम के मानने वालों ने ब्राह्मण और उसकी व्यवस्था पर पूर्णतः सामाजिक प्रतिबंध लगा दिया और भंडारी साटीदार की व्यवस्था बनाई। सतनाम के अनुयायी मंदिर जाना बंद कर दिये, मूर्ति पूजा का निषेध कर घरों की सारी मूर्तियाँ बाहर फेंक आये, वेदपाठ, पितृमोक्ष, हवन व अन्य कर्मकाण्डों को पूर्णतः निषेध कर दिया। पंथी गीत-नृत्य के रूप में नई सांस्कृतिक धाराओं को जन्म दिया। जाति के आधार पर उच्च लोगों को प्रणाम करना और उनकी प्रताड़ना सहना आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया। वंचितों ने अखाडेघ में युद्धाभ्यास शुरू कर दिया।

सतनाम आंदोलन का प्रभाव था कि एक संगठन या समूह (जो कि जातिविहीन था) का निर्माण हुआ और इस संगठन (पंथ) का नियम था कि यदि किसी सतनामी को किसी दूसरी जाति का व्यक्ति मारेगा और वह सतनामी उसका प्रतिरोध नहीं करेगा तो उसे सतनामी (जाति समूह) से बहिष्कृत कर दिया जाएगा। यह बड़ी क्रांतिकारी बात थी। मजदूरी के लिये भी समय निश्चित किया गया कि अपरान्ह में (दोपहर के बाद) खेतों में हल नहीं चलाया जायेगा, अन्यथा जमींदार तो सूर्योदय से सूर्यास्त तक काम लेते थे। शूद्र स्त्रियाँ गहने नहीं पहन सकती थी और राजा के अलावा कोई छत्रनहीं रख सकता था परन्तु अब इस व्यवस्था को भी रौंद डाला गया। मनुवादी व्यवस्था में पठन-पाठन का ठेकेदार ब्राह्मण होता था परन्तु अब सतनाम पंथ में गुरू सर्वोच्च था और विभिन्न जातियों के लोग जो महंत, राजमहंत आदि बनाये गये वे गुरू के ज्ञान-उपदेश का प्रचार-प्रसार करने लगे थे। इस क्रांति के फलस्वरूप लूट-खसोट करने वाले पिण्डारियों का विरोध एवं ईसाई धर्मान्तरण का विरोध भी किया गया और आचरण की शुद्धता से चेतना को शिखर तक पहुँचाने की चेष्टा हुई। साथ ही दासत्व (गुलामी) को पूर्णतः नकार दिया गया।

इस प्रकार सतनाम आन्दोलन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक असमानताओं को दूर कर समतामूलक समाज की स्थापना का आंदोलन है। भाऊराम घृतलहरे इसे एक वृहत समग्र जनक्रांति कहते हैं।[44] आज एक षड़यंत्र जारी है कि रैदास, कबीर, गुरू घासीदास जैसे महापुरूषों को किसी जाति विशेष के गुरू अथवा संत के रूप में चिन्हांकित करने का प्रयास हो रहा है। यह समझने की जरूरत है कि जातिविहीन, वर्गविहीन, वर्णविहीन, समतामूलक समाज की स्थापना करने वाले इन संतों और उनके सद्प्रयासों को किसी सीमा में बाँधकर देखा जाना अमानवीय व अन्यायपूर्ण है।

डॉ. हीरालाल शुक्ल के अनुसार- ''हमें यह स्वीकार करना होगा कि गुरू घासीदास भारतीय उपमहाद्वीप में प्रजातांत्रिक क्रांति के अग्रदूत थे।''[45] यह कथन हमें गुरू घासीदास के व्यक्तित्व और उनके सतनाम आंदोलन के मूलस्वर को एक पंक्ति में रेखांकित कर देती है। यह सतनाम आंदोलन सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित था, वंचितों के हक व अधिकारों की प्राप्ति की भावना से था, मानवता की धरातल पर स्वतंत्र व सम्मान जनक जीवन जीने के अवसर के लिए था। इस क्रांति ने दुनिया में और क्रांतियों के द्वार खोले। सतनाम अनुयायियों ने तेलासी महासंगम (विभिन्न जातियों का सतनाम अंगीकरण करने का कार्य जो तेलासी में हुआ) में जाति का परित्याग कर सतनामी बन गए। यह जाति का परित्याग सामाजिक समानता की चरम स्थिति है। इस सतनाम आंदोलन को नई सदी में नये ढंगसे आगे बढ़ाने की जरूरत है।

संदर्भ सूची

(1) छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक इतिहास - डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. अभिलाषा शर्मा, मित्तल एण्ड संस दिल्ली, 2008, पृष्ठ - 18 ISBN- 81-88693-27-8
(2) वही पृष्ठ - 16
(3) वही पृष्ठ - 16-18
(4) गुरू घासीदास जीवन चरित्र-राजमहन्त नम्मूराम मनहर, मार्तण्ड सिंह मनहर, खुर्सीपार भिलाई, पंचम संस्करण 2014, पृष्ठ - 39
(5) छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक इतिहास - डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ अभिलाषा शर्मा, मित्तल एण्ड संस दिल्ली, 2008, पृष्ठ - 31
(6) गुरू घासीदासः संघर्ष समन्वय और सिद्धान्त - डॉ. हीरालाला शुक्ल, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल, 1995, पृष्ठ - 05
(7) गुरू घासीदास के उपदेशों का दार्शनिक अनुशीलन (पीएच.डी. शोध प्रबंध) - हेमन्त पाल घृतलहरे, गुरू घासीदास वि.वि. बिलासपुर 2007, पृष्ठ - 14
(8) वही, पृष्ठ - 14
(9) वही, पृष्ठ - 15
(10) वही, पृष्ठ - 22
(11) हाशिए का विमर्श - सुशीला टाकभौरे, नेहा प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ -19(ISBN- 978-81-88080-64-9)
(12) शूद्रों की खोज - डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर, प्रबुद्ध भारत पुस्तकालय नागपुर, 2001 प्रस्तावना पृष्ठ - सात
(13) वही, पृष्ठ - 74-75
(14) दलित चिन्तन के विविध आयाम - अ.ला. ऊके, शिल्पायन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीव्यूटर्स दिल्ली, 2012, पृष्ठ - 17 ISBN-978-81-905323-6-5
(15) वही, पृष्ठ - 17
(16) मनुस्मृति-स्वयंभुव मनु (अनुवादक-पं.बाई.एन.झा 'तूफान') अमित पाकेट बुक्स जालन्धर -8 अध्याय 4 श्लोक 218-223, अध्याय 8 श्लोक 268-269

(17) शूद्रों की खोज - डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर, प्रबुद्ध भारत पुस्तकालय नागपुर, 2011, पृष्ठ- 24-30
(18) साये में धूप - दुष्यन्त कुमार, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली (उन्नीसवॉ संस्करण छठी आवृत्ति) 2015, पृष्ठ - 15 ISBN-978-81-8361-953-0
(19) दलित साहित्य: अनुभव संघर्ष एवं यथार्थ - ओमप्रकाश वाल्मीकि, राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ -59 ISBN-978-81-8361-611-9
(20) वही, पृष्ठ - 59
(21) हाशिए का विमर्श-सुशीला टाकभौरे, नेहा प्रकाशन दिल्ली, 2015 पृष्ठ - 20
(22) हिन्दी साहित्य बी.ए. भाग 3 प्रश्नपत्र -2, डॉ. रामविलास गुप्ता, वीना गुप्ता, कमल प्रकाशन नई दिल्ली, पृष्ठ -37
(23) वही पृष्ठ - 38
(24) वही, पृष्ठ - 39
(25) वही, पृष्ठ - 40
(26) रैदास बानी - संत रैदास (संपादक-शुकदेव सिंह) राधाकृष्ण प्रकाशन नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ - 44
(27) सबद विवेकी कबीर - संपादक डॉ. तेज सिंह, भावना प्रकाशन दिल्ली, 2004, पृष्ठ - 156
(28) हिन्दी संत साहित्य की परम्परा - डॉ प्रेम नारायण शुक्ल, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन नई दिल्ली, 1988, पृष्ठ - 24
(29) दलित साहित्य: एक अन्तर्यात्रा - बजरंग बिहारी तिवारी, नवारूण गाजियाबाद, 2015, पृष्ठ 36
(30) वही, पृष्ठ - 36
(31) गुरू घासीदास के उपदेशोंका दार्शनिक अनुशीलन (पीएच.डी. शोध प्रबंध) - हेमन्त पाल घृतलहरे, गुरू घासीदास वि.वि. बिलासपुर, 2007, पृष्ठ - 395
(32) वही, पृष्ठ - 395
(33) वही, पृष्ठ - 327 (पूर्ण शोध प्रबंध)
(34) Guru Ghasidas and His Satnam philosophy – H.L. Shukla, B.R. Publishing Corporation Delhi, 2004, Page - 26
(35) गुरू घासीदास: संघर्ष, समन्वय और सिद्धांत - डॉ. हीरालाल शुक्ल, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल, 1995, पृष्ठ - 79
(36) वही, पृष्ठ - 129
(37) hi. Wikipedia.org/wiki/आंदोलन
(38) यूनीफाइड समाजशास्त्र - एम.पी. श्रीवास्तव, रामप्रसाद एण्ड संस भोपाल, पृष्ठ - 243
(39) गुरू घासीदास के उपदेशों का दार्शनिक अनुशीलन (पीएच.डी.शोध प्रबंध) - हेमन्त पाल घृतलहरे, गुरू घासीदास वि.वि. बिलासपुर, 2007, पृष्ठ - 326
(40) वही, पृष्ठ - 397
(41) साहित्य समाज और महिला सशक्तिकरण - संपादक डॉ. हेमन्त पाल घृतलहरे मंगलम प्रकाशन दिल्ली, 2015, पृष्ठ - 162 पैठछ- 978-93-82816-25-6
(42) सतनामी और सतनाम आन्दोलन - डॉ. शंकर लाल टोडर, पृष्ठ - 186
(43) गुरू घासीदास के आदेशों का दार्शनिक अनुशीलन (पीएच.डी. शोध प्रबंध) - हेमन्त पाल घृतलहरे, गुरू घासीदास वि.वि. बिलासपुर 2007, पृष्ठ - 447-458
(44) सतनाम: एक वृहत समग्र जनक्रांति - भाऊराम घृतलहरे, गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी रायपुर, प्रथम संस्करण
(45) गुरू घासीदास: संघर्ष समन्वय और सिद्धान्त - डॉ. हीरालाल शुक्ल, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल, 1995, पृष्ठ - 134